राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राज्यपाल सम्मेलन में भाग लिया

—

जयपुर, 22 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में शुरू हुए राज्यपालों और उपराज्यपालों के सम्मेलन में शामिल हुए।

शुक्रवार को राज्यपालों के सम्मेलन में उपराष्ट्रपति श्री एम. वैंकया नायडू के आवास पर आयोजित दोपहर भोज में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र सम्मिलित हुए।

राज्यपाल श्री मिश्र सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को प्रातः जयपुर से रवाना होकर दिल्ली पहुंचे।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान